नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

| Question Booklet No. |
|---|
| |

No. of Questions – 20

No. of Printed Pages – 11

**SS-31-Bus. Studies**

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2026

# SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2026

## व्यवसाय अध्ययन

## BUSINESS STUDIES

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर अपना नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

   Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper.

2) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

   **All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

   Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

Write down the serial number of the question before attempting it.

6) प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतरण में किसी प्रकार की त्रुटि / अंतर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।

If there is any kind of error / difference / contradiction in the Hindi and English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

## खण्ड – अ

## SECTION – A

**1.** बहुविकल्पात्मक प्रश्न (**i** से **xviii**) :

Multiple choice questions (**i** to **xviii**) :

i) प्रबन्ध के किस कार्य को अन्य प्रबन्धकीय कार्यों की आधारशिला कहते है ? **[1]**

अ) संगठन ब) निर्देशन स) नियोजन द) नियंत्रण

Which function of management is called the foundation of other managerial functions ?

A) Organisation B) Directing C) Planning D) Controlling

ii) पूँजी बजटिंग निर्णय प्राय: होते हैं **[1]**

अ) अल्पकालीन ब) दीर्घकालीन

स) अति–अल्पकालीन द) निर्धारित नहीं किया जा सकता

Capital budgeting decisions are often

A) Short term B) Long term

C) Very short term D) Cannot be determined

iii) जिला आयोग के आदेश से असंतुष्ट होने पर कहाँ अपील की जा सकती है ? **[1]**

अ) राज्य आयोग ब) राष्ट्रीय आयोग

स) सर्वोच्च न्यायालय द) इनमें से सभी

Where can be an appeal can be made if one dissatisfied with the order of District Commission ?

A) State Commission B) National Commission

C) Supreme Court D) All of these

iv) इनमें से कौन–सा एक प्रबन्ध का महत्व नहीं है ? **[1]**

अ) संगठन की क्षमता में वृद्धि

ब) अगतिशील संगठन का निर्माण

स) सामूहिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक

द) समाज के विकास में सहायक

Which one of the following is not an importance of management ?

A) Increases efficiency of an organisation

B) Creates a non-dynamic organisation

C) Helps in achieving group goals

D) Helps in the development of society

v) औपचारिक संगठन की विशेषता है **[1]**

अ) अनियोजित ब) उद्धेश्यरहित

स) अनियंत्रित द) प्रबन्ध द्वारा बनाया गया

Characteristic of formal organisation is

A) Unplanned B) Purposeless

C) Uncontrolled D) Created by management

vi) कार्यस्थल पर कर्मचारियों के समाजीकरण की प्रक्रिया को क्या कहते हैं ? **[1]**

अ) भर्ती ब) चयन स) अभिविन्यास द) विकास

What is the process of socialisation of employees at the workplace is called ?

A) Recruitment B) Selection C) Orientation D) Development

vii) ________ एक ऐसी प्रक्रिया है जो वांछित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए व्यक्तियों को कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। **[1]**

अ) पर्यवेक्षण ब) अभिप्रेरणा स) नेतृत्व द) सम्प्रेषण

________ means a process of stimulating people to take action to accomplish desired goals.

A) Supervision B) Motivation C) Leadership D) Communication

viii) किसी उत्पाद के डब्बे (कंटेनर) या आवरण को डिज़ाइन करना एवं उसके उत्पादन का कार्य, उदाहरण है **[1]**

अ) ब्राण्ड नाम ब) ट्रेडमार्क स) लेबलिंग द) पैकेजिंग

The act of designing and producing the container or wrapper of a product is an example of

A) Brand name B) Trade mark C) Labelling D) Packaging

ix) ________ का मुख्य केन्द्र बिन्दु उपभोक्ता की आवश्यकताएँ है। **[1]**

अ) उत्पादन अवधारणा ब) उत्पाद अवधारणा

स) विक्रय अवधारणा द) विपणन अवधारणा

The main focus of ________ is consumer needs.

A) Production concept B) Product concept

C) Sales concept D) Marketing concept

x) एक प्रबन्धक उसे दिये गए लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है परन्तु उत्पादन लागत अधिक है, यह दर्शाता है कि प्रबन्धन [1]

अ) प्रभावी व कुशल है ब) प्रभावी है परन्तु कुशल नहीं
स) कुशल है परन्तु प्रभावी नहीं द) न तो कुशल है और ना ही प्रभावी

A manager achieves the target given to him but the production cost is high, this shows that management is

A) Effective and efficient B) Effective but not efficient
C) Efficient but not effective D) Neither efficient nor effective

xi) "अनुपयुक्त ढाँचा व्यवसाय की कार्य निष्पत्ति को भयंकर हानि पहुँचा सकता है और यहाँ तक की इसे समाप्त हो कर सकता है"। यह कथन किसका है ? [1]

अ) पीटर ड्रकर ब) लुईस एलेन
स) चेस्टर बर्नार्ड द) थियो हैमन

"Wrong structure will seriously impair business performance and even destroy it". Whose statement is this ?

A) Peter Druker B) Louis Allen
C) Chester Bernard D) Theo Haimman

xii) सही व्यक्ति को सही काम पर रखना किस प्रबन्धकीय कार्य का एक भाग है ? [1]

अ) नियोजन ब) निर्देशन स) नियुक्तिकरण द) नियंत्रण

Placing the right person on the right job is a part of which management function ?

A) Planning B) Directing C) Staffing D) Controlling

xiii) ________ के बिना नियंत्रण संभव नहीं है। [1]

अ) निर्देशन ब) समन्वय स) अंतरण द) नियोजन

Control is not possible without

A) Directing B) Coordination C) Delegation D) Planning

xiv) अंशधारियों की सम्पदा में वृद्धि करना इनमें से किसका मुख्य उद्देश्य है ? [1]

अ) विपणन प्रबन्ध ब) उत्पादन प्रबन्ध
स) मानव संसाधन प्रबन्ध द) वित्तीय प्रबन्ध

Increasing the wealth of shareholders is the main objective of which of the following ?

A) Marketing management B) Production management
C) Human resource management D) Financial management

xv) निम्नलिखित में से कौन–सी एक मद चालू सम्पत्ति में शामिल नहीं है ? **[1]**

अ) स्कन्ध ब) देनदार

स) ख्याति द) प्राप्य बिल

Which one of the following items is not included in current assets ?

A) Stock B) Debtor

C) Goodwill D) Bills receivable

xvi) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए : **[1]**

I – कारखाना, उत्पाद अवधारणा का प्रारम्भिक बिन्दु है ।

II – बाजार, विपणन अवधारणा का प्रारम्भिक बिन्दु है ।

अ) केवल कथन I सत्य है ब) केवल कथन II सत्य है

स) दोनों कथन सत्य हैं द) दोनों कथन असत्य हैं

Consider the following statements :

I – The factory is the starting point of the product concept.

II – The market is the starting point of the marketing concept.

A) Only statement I is true B) Only statement II is true

C) Both statements are true D) Both statements are false

xvii) भौतिक वितरण का घटक है **[1]**

अ) परिवहन ब) भण्डारण

स) अ) एवं ब) दोनों द) उत्पाद की लागत

The component of physical distribution is

A) Transportation B) Warehousing

C) Both A) and B) D) Cost of product

xviii) उपभोक्ता अधिकारों में सम्मिलित नहीं है **[1]**

अ) समानता का अधिकार ब) सूचित किए जाने का अधिकार

स) सुनवाई का अधिकार द) सुरक्षा का अधिकार

Consumer rights do not include

A) Right to equality B) Right to be informed

C) Right to be heard D) Right to safety

**2.** रिक्त स्थानों को पूर्ति कीजिए (**i** से **vi**):
Fill in the blanks (**i** to **vi**) :

i) _________ के द्वारा कर्मचारी के कौशल तथा ज्ञान में सुधार होता है ।
(शिक्षा/प्रशिक्षण) **[1]**
_________ improves the skills and knowledge of the employee.
(Education/Training)

ii) आवश्यकता क्रम शृंखला में _________ सबसे उच्च स्तरीय आवश्यकता है ।
(शारीरिक/आत्म संतुष्टि) **[1]**
_________ is the highest level need in the hierarchy of needs.
(Physical/Self Actualisation)

iii) _________ सम्पत्तियाँ वे होती है जो एक वर्ष के भीतर ही रोकड़ या रोकड़ तुल्य में परिवर्तित हो जाती है। (चालू/स्थायी) **[1]**
__________ assets are those which are converted into cash or cash equivalents within one year. (Current/Fixed)

iv) नियंत्रण प्रक्रिया का अंतिम चरण _________ करना है ।
(निष्पादन मानकों का निर्धारण/सुधारात्मक कार्यवाही) **[1]**
The last step in controlling process is _________.
(Setting performance standards/corrective action)

v) _________ को सामान्य प्रबंध का जनक कहा जाता है । (फेयोल/टेलर) **[1]**
__________ is called the father of General Management. (Fayol/Taylor)

vi) 'कैविट एम्पटर' से आशय है _________ सावधान रहें। (क्रेता/विक्रेता) **[1]**
'Caveat Emptor' means _________ beware.(Buyer/Seller)

**3.** अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न (**i** to **xii**) :
Very Short Answer Type Questions (**i** to **xii**) :

i) 'मानसिक क्रान्ति' की अवधारणा किसने दी ? **[1]**
Who presented the concept of 'Mental revolution' ?

ii) भारत ने नई औद्योगिक नीति की घोषण किस वर्ष की ? **[1]**
In which year did India announce its new Industrial Policy ?

iii) ''नियोजन में निर्णयन निहित है।'' कैसे ? **[1]**
"Planning involves decision making." How ?

iv) ''विकेन्द्रीकरण शीर्ष प्रबन्ध को राहत प्रदान करता है।'' कैसे ? **[1]**
"Decentralization provides relief to top management." How ?

v) प्रशिक्षण की आवश्यकता क्यों होती है ? **[1]**
Why training is needed ?

vi) सकारात्मक अभिप्रेरणा क्या है ? **[1]**
What is positive motivation ?

vii) भारतीय मानक ब्यूरो का हॉलमार्क क्या दर्शाता है ? **[1]**
What does the Bureau of Indian Standards Hallmark indicate ?

viii) नियंत्रण का मुख्य उद्देश्य क्या है ? समझाइए । **[1]**
What is the main objective of controlling ? Explain.

ix) एक अच्छे नेता के कोई दो गुण बताइए । **[1]**
Write any two qualities of a good leader.

x) ब्राण्ड नाम क्या है ? उदाहरण द्वारा समझाइए। **[1]**
What is a brand name ? Explain with examples.

xi) विज्ञापन उपभोक्ताओं को किस प्रकार प्रभावित करता है ? **[1]**
How advertising influences consumer ?

xii) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत शिकायत कौन कर सकता है ? **[1]**
Who can file a complaint under the Consumer Protection Act ?

## खण्ड – ब

## SECTION – B

लघूत्तरात्मक प्रश्न (**4** से **13**):
Short Answer Type Questions (**4** to **13**) :

**4.** ''प्रबन्ध बहुआयामी है।'' समझाइए । **[2]**
"Management is multidimensional." Explain.

**5.** व्यावसायिक पर्यावरण का अर्थ लिखिए । **[2]**
Write the meaning of business environment.

**6.** ऐसे किन्हीं दो बाह्य घटकों का उल्लेख करें जिन पर एक उद्यम का नियंत्रण नहीं होता है । **[2]**
Mention any two external factors over which an enterprise has no control.

**7.** उत्पादन अवधारणा व उत्पाद अवधारणों में काई दो अंतर बताइए । **[2]**
State any two differences between production concept and product concept.

**8.** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में उपभोक्ताओं को मिलने वाली किन्हीं दो राहतों को लिखिए। **[2]**
Write any two reliefs available to consumers under the Consumer Protection Act.

**9.** आपका एक मित्र राज्य आयोग के आदेश से संतुपष्ट नहीं है। ऐसी दशा में आप उसे इस आदेश के विरुद्ध कहाँ अपील करने का सुझाव देंगे और क्यों ? **[2]**

One of your friends is not satisfied with the order of the State Commission. In such a situation, where would you suggest him to appeal against the order and why ?

**10.** ''व्यक्तिगत हित को सामान्य हित के लिए गौण या त्यागना होगा'' । फेयोल द्वारा दिए गए इस सिद्धान्त का विश्लेषण करें । **[2]**

"Individual interest must be subordinated or sacrificed for the general interest". Analyze this principle given by Fayol.

**11.** एक चित्र की सहायता से नियोजन प्रक्रिया के प्रथम चार चरणों को दर्शाइए । **[2]**
Show the first four steps in the planning process with the help of a diagram.

**12.** विभागीकरण क्या है ? समझाइए । **[2]**
What is departmentalisation ? Explain.

**13.** शुद्ध कार्यशील पूँजी से क्या आशय है ? **[2]**
What is meant by net working capital ?

## खण्ड – स

## SECTION – C

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न (**14** से **17**):
Long Answer Type Questions (**14** to **17**) :

**14.** ''नियोजन भविष्यवादी है।'' इस कथन की पुष्टि कीजिए । **[3]**
"Planning is futuristic". Justify this statement.

**अथवा**/OR

आपकी राय में नियोजन की मुख्य सीमाएँ क्या हैं ? किन्हीं तीन सीमाओं का वर्णन करें । **[3]**
In your opinion, what are the main limitations of planning ? Describe any three limitations.

**15.** संगठन प्रक्रिया में निहित चरणों को बताइए । **[3]**
Explain the steps involved in the organisation process.

**अथवा**/OR

प्रभावी प्रतिनिधि मंडल के गुणों का वर्णन करें. (कोई 3 बिन्दु) **[3]**
Describe the benefits of effective delegation. (Any three points)

**16.** उपयुक्त नियुक्तिकरण से संगठन को प्राप्त होनेवाले किन्हीं तीन लाभों का वर्णन करें । **[3]**
Describe any three benefits that an organisation can derived from proper staffing.

**अथवा**/OR

'सब जगह पानी ही पानी है, परन्तु पीने के लिए एक बूँद भी नहीं है।' नियुक्तिकरण प्रक्रिया के संदर्भ में इस मुहावरे का अर्थ स्पष्ट कीजिए। **[3]**

'Water, water everywhere and not a drop to drink'. Explain the meaning of this phrase in the context of staffing process.

**17.** आदेश की एकता एवं निर्देश की एकता का अर्थ स्पष्ट कीजिए। **[3]**
Explain the meaning of unity of command and unity of direction.

**अथवा**/OR

प्रबन्ध के सिद्धान्तों की प्रकृति को निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर समझाइए। **[3]**

अ) कारण एवं परिणाम संबंध  ब) सामान्य मार्गदर्शन

Explain the nature of principles of management on the basis of following points :

A) Cause and effect relationship  B) General guidelines

## खण्ड – द

## SECTION – D

निबन्धात्मक प्रश्न (**18** से **20**):

Essay Type Questions (**18** to **20**) :

**18.** आपके मित्र मनोज ने कूलर बनाने का कारखाना स्थापित किया है। वह अपने उत्पाद का नाम रखना चाहता है और आपसे सलाह चाहता है । आप उसे अच्छे ब्राण्ड नाम की कौन–सी विशेषताएँ बताएँगे ? (किन्हीं 4 विशेषताओं का वर्णन करें) **[4]**

Your friend Manoj has set up a cooler manufacturing factory. He wants to name his product and seeks your advice. What characteristics of a good brand name would you suggest ? (Describe any four points)

**अथवा**/OR

पैकेजिंग से क्या आशय है ? पैकेजिंग के विभिन्न स्तरों को उदाहरण द्वारा समझाइए । **[4]**

What is meant by packaging ? Explain the different levels of packaging with examples.

**19.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : **[4]**

अ) व्यावसायिक वित्त    ब) पूँजी संरचना

Write short notes on following :

A) Business Finance    B) Capital Structure

**अथवा**/OR

स्थाई पूँजी की आवश्यकता को प्रभावित करने वाले निम्नलिखित कारकों का वर्णन कीजिए । **[4]**

अ) व्यवसाय की प्रकृति    ब) संचालन अथवा संक्रिया का मापदण्ड

स) विकास प्रत्याशा    द) तकनीक का विकल्प

Describe the following factors affecting the requirement of fixed capital.

A) Nature of business    B) Scale of operations

C) Growth prospects    D) Choice of technique

**20.** पर्यवेक्षण क्या है ? एक संगठन में पर्यवेक्षक की भूमिका का विस्तार से वर्णन करें । (कोई तीन बिंन्दु) **[4]**

What is supervision ? Describe in detail the role of a supervisor in an organisation. (Any three points).

**अथवा**/OR

प्रोत्साहन से क्या आश्य है ? किन्हीं दो वित्तीय एवं दो गैर वित्तीय प्रोत्साहनों के बारे में बताइए । **[4]**

What is meant by incentives ? Explain any two financial and two non-financial incentives.

DO NOT WRITE ANYTHING HERE